पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.)/084/2012-14 (1) इस अंक का मूल्य 2 रुपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में

**अन्तर्राष्ट्रीय आर्य प्रतिनिधि महासम्मेलन**

शनिवार, 20 अक्टूबर 2012
प्रातः 8:00 से रात्रि 8:00 बजे तक
रविवार, 21 अक्टूबर 2012
प्रातः 8:00 से सायं 5:00 बजे तक
कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल, अशोक विहार-3, दिल्ली-52

वर्ष-29 अंक-10 कार्तिक-2069 दयानन्दाब्द 189 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2012 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
E-mail : aryayouth@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

॥ ओ३म् ॥

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् प्रस्तुत करता है

सहयोग : भारत विकास परिषद् पीतमपुरा शाखा



129 वें महर्षि दयानन्द बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में संगीत संध्या



## एक शाम ऋषि दयानन्द के नाम

वीरवार, 15 नवम्बर 2012, सायं : 4 से 8 बजे तक

स्थान : **दिल्ली हाट**, पीतमपुरा, दिल्ली (निकट मैट्रो स्टेशन नेताजी सुभाष पैलेस)

यज्ञ : सायं 4 से 5 बजे तक • ब्रह्मा : आचार्य गवेन्द्र शास्त्री जी

मुख्य यजमान : श्रीमती एवं श्री सुरेन्द्र गुप्ता, नरेन्द्र कालरा, तिलक चान्दना, अशोक बत्रा

### -: गायक कलाकार :-

नरेन्द्र आर्य (सुमन) ❋ दिनेश आर्य 'पथिक' (अमृतसर) ❋ आकाश आर्य

मुख्य अतिथि : माननीया श्रीमती मीरा अग्रवाल (महापौर, उत्तरी दिल्ली नगर निगम)

अध्यक्षता : श्री प्रदीप तायल (पाईटैक्स ज्वैलर्स, पीतमपुरा)

विशिष्ट अतिथि : डॉ.महेन्द्र नागपाल (नेता सदन, उत्तरी दिल्ली नगर निगम), राजकुमार जैन, अविनाश बंसल, श्यामलाल गर्ग (विधायक), ममता नागपाल, रेखा गुप्ता (पार्षद), सुरेश अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, नीरज रायजादा, जी.डी.गोयल, सुदेश भसीन, डॉ. राजीव चावला, दीपक भारद्वाज, डॉ. डी.के.गर्ग, अमित नागपाल, दीपक सेठिया, दर्शन अग्निहोत्री, मुन्शीराम सेठी, बी.बी. तायल, दुर्गाप्रसाद कालड़ा, सत्यप्रकाश आर्य, ओमप्रकाश मनचन्दा, जवाहर भाटिया, रचना आहुजा

### 'आर्य महिला रत्न' अवार्ड से सम्मानित

श्रीमती इन्दु अरोड़ा
श्रीमती कुसुम भंडारी
श्रीमती किरण गुप्ता
श्रीमती कृष्णा कालरा
श्रीमती द्रोपदी आर्या
श्रीमती अन्नपूर्णा धवन
श्रीमती आशारानी आर्य
श्रीमती शकुन्तला नागिया
श्रीमती शान्ति रस्तोगी
श्रीमती सुरेशकुमारी मान
श्रीमती सुशीला सेठी
श्रीमती संतोष मनचन्दा
श्रीमती फूलवती जैलदार
श्रीमती चन्द्रप्रभा अरोड़ा
श्रीमती सुषमा चौधरी

### आप सपरिवार इष्ट मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं

निवेदक :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **डॉ.अनिल आर्य**<br>राष्ट्रीय अध्यक्ष | **आनन्द चौहान**<br>संरक्षक | **राजेश बंसल**<br>स्वागत अध्यक्ष | **ओमप्रकाश नागिया**<br>स्वागत अध्यक्ष | **शन्नोदेवी सचदेवा**<br>स्वागत मंत्री |
| **महेन्द्र भाई**<br>राष्ट्रीय महामंत्री | **यशोवीर आर्य**<br>राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | **कृष्णचन्द पाहुजा**<br>राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | **रामकुमार सिंह**<br>प्रान्तीय संचालक | **देवेन्द्र भगत**<br>प्रेस सचिव |
| **दुर्गेश आर्य**<br>राष्ट्रीय मंत्री | **धर्मपाल आर्य**<br>राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष | **सुरेश आर्य**<br>राष्ट्रीय मंत्री | **राकेश भटनागर**<br>राष्ट्रीय मंत्री | **संतोष शास्त्री**<br>प्रान्तीय महामंत्री |

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007 : दूरभाष : 9810117464, 9013137070, 9958889970

# हिन्दी के ह्रास का सबब बनी 'हिंग्लिश'

– राजेश कश्यप

आजकल राष्ट्रभाषा हिन्दी बेहद नाजुक दौर से गुजर रही है। वैश्विक पटल पर अपनी प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विभिन्न चुनौतियों से जूझ रही हिन्दी के समक्ष भारी धर्मसंकट खड़ा हो चुका है। इस धर्मसंकट का सहज अहसास भारत सरकार के गृह मंत्रालय और राजभाषा विभाग की सचिव वीणा उपाध्याय द्वारा गतवर्ष 26 सितम्बर, 2011 को 'सरकारी कामकाज में सरल और सहज हिन्दी के प्रयोग के लिए नीति–निर्देश' विषय पर भारत सरकार के समस्त मंत्रालयों व विभागों को लिखे गए पत्र से हो जाता है। इस पाँच पृष्ठीय पत्र में विभिन्न सरकारी बैठकों और उच्च स्तरीय अनुशंसाओं का पुख्ता हवाला देते हुए राजभाषा हिन्दी के सरल स्वरूप को प्रोत्साहित करना, आज के समय की मांग बताया गया है। पत्र में तार्किकता पेश करते हुए कहा गया है कि'' किसी भी भाषा के दो रूप होते हैं–साहित्यिक और कामकाज की भाषा। कामकाज की भाषा में साहित्यिक भाषा के शब्दों के इस्तेमाल से उस भाषा विशेष की ओर आम आदमी का रूझान कम हो जाता है और उसके प्रति मानसिक विरोध बढ़ता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आज की लोकप्रिय भाषा अंग्रेजी ने भी अपने स्वरूप को बदलते समय के साथ खूब ढ़ाला है। आज की युवा पीढ़ी अंग्रेजी के विख्यात साहित्यकारों जैसे शेक्सपियर, विलियम थैकरे या मैथ्यू आर्नल्ड की शैली की अंग्रेजी नहीं लिखती है। अंग्रेजी भाषा में भी विभिन्न भाषाओं ने अपनी जगह बनाई है। बदलते माहौल में, कामकाजी हिन्दी के रूप को भी सरल तथा आसानी से समझ में आने वाला बनाना होगा। राजभाषा में कठिन और कम सुने जाने वाले शब्दों के इस्तेमाल से राजभाषा अपनाने में हिचकिचाहट बढ़ती है। शालीनता और मर्यादा को सुरक्षित रखते हुए भाषा को सुबोध और सुगम बनाना आज के समय की मांग है।''

इसी पत्र में आगे कहा गया है कि जब–जब सरकारी कामकाज में हिन्दी में मूल कार्य न कर उसे अनुवाद की भाषा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है तो हिन्दी का स्वरूप अधिक जटिल और कठिन हो जाता है। अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद की शैली को बदलने की सख्त आवश्यकता है। अच्छे अनुवाद में भाव को समझकर वाक्य की संरचना करना जरूरी है, न कि प्रत्येक शब्द का अनुवाद करते हुए वाक्यों का निर्माण करने की। बोलचाल की भाषा में अनुवाद करने का अर्थ है कि उसमें अन्य भाषाओं जैसे उर्दू, अंग्रेजी और अन्य प्रान्तीय भाषाओं के लोकप्रिय शब्द भी खुलकर प्रयोग में लाए जाएं। भाषा का विशुद्ध रूप साहित्य जगत के लिए है, भाषा का लोकप्रिय और मिश्रित रूप बोलचाल और कामकाज के लिए है। इस पत्र के छठे बिन्दु में हिन्दी पत्रिकाओं में लिखी जा रही हिन्दी भाषा की आधुनिक शैली के छह उदाहरण दिए गए हैं, जिनमें हिन्दी व अंग्रेजी शब्दों के मिश्रित वाक्यों (हिंग्लिश) का प्रयोग किया गया है। इस प्रयोग को अनुकरणीय बताया गया है। इसके बाद सातवें बिन्दू के रूप में सरकारी कार्यालयों में हिन्दी के सरलीकरण के लिए तीन महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इनमें अंग्रेजी भाषा के साथ–साथ अरबी, फारसी, तुर्की आदि विदेशी भाषाओं के प्रचलित शब्दों को देवनागरी में लिप्यांतरण करना कठिन व बोझिल शब्दों की अपेक्षाकृत ज्यादा अच्छा बताया गया है। इसके साथ ही जिन अंग्रेजी शब्दों का पर्याय न आता हो तो, उसे देवनागरी में ज्यों का त्यों अर्थात जैसे का तैसे लिखने की जोरदार वकालत की गई है, जैसे इंटरनेट, पैनड्राइव, ब्लॉग आदि।


इसके आगे पत्र में सरकार ने इन कदमों को सर्वथा उचित व न्यायसंगत ठहराते हुए ऐतिहासिक सन्दर्भ भी रखा है। पत्र में बताया गया है कि ''हमारे संविधान निर्माताओं ने जब हिन्दी को राजभाषा का स्थान दिया, तब उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 351 में यह स्पष्ट रूप से लिखा कि संघ सरकार का यह कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे, जिससे वह भारत की संस्कृति के तत्वों की अभिव्यद्रि का माध्यम बन सके। इस अनुच्छेद में यह भी कहा गया कि हिन्दी के विकास के लिए हिन्दी में 'हिन्दुस्तानी' और आठवीं अनुसूची में दी गई भारत की अन्य भाषाओं के रूप व पदों को अपनाया जाए।''

(शेष अगले अंक में)




## आर्य समाज नगर शाहदरा का उत्सव व आर्य समाज अशोक विहार दिल्ली में बैठक सम्पन्न





रविवार 14 अक्टूबर 2012 आर्य समाज नगर शाहदरा दिल्ली के वार्षिक उत्सव पर श्री नरेन्द्र आर्य सुमन का अभिनन्दन करते डॉ. अनिल आर्य, मन्त्री राजीव कोहली, उपप्रधान यशोवीर आर्य, प्रधान रणबीर सिंह आर्य व रविन्द्र मेहता। द्वितीय चित्र में रविवार 7 अक्टूबर को आर्य समाज अशोक विहार फेज-1 दिल्ली में परिषद की बैठक में सम्बोधित करते डॉ. अनिल आर्य साथ में आचार्य सत्यवीर शर्मा, ओम सपरा, स्वामी आर्यवेश जी, प्रधान श्री के.बी. गुप्ता, मन्त्री श्री शान्ति लाल आर्य व श्री महेन्द्र भाई।

## आर्य समाज अजमेर का उत्सव सम्पन्न व आचार्य चन्द्रशेखर जी का अभिनन्दन





आर्य समाज अजमेर का 131वां वार्षिकोत्सव 15 सितमबर से 18 सितम्बर 2012 तक सम्पन्न हुआ। आचार्य अखिलेश्वर जी यज्ञ के ब्रह्मा थे। प. कंचन कुमार के मधुर भजन हुए। चित्र में मुख्य यज्ञमान प्रो. श्री रासासिंह, पूर्व सांसद यज्ञ करते हुए। संचालन श्री चिरंजीलाल शर्मा ने किया। द्वितीय चित्र में साहित्य–मण्डल श्रीनाथ (राजस्थान) द्वारा वैदिक विद्वान् आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री को सम्मानित करते श्री नरहरि ठाकर, भगवती प्रसाद देवपुरा, अजय शुक्ला आदि ने प्रदान किया।

# चौ. ओमप्रकाश चौटाला का अभिनन्दन व डॉ. अनिल आर्य को मुकेश खन्ना ने किया सम्मानित




रविवार 14 अक्तूबर 2012 को इनलो नेता व एस्कोर्टस् के पूर्व ए.वी.पी. श्री आर.के. चिलाना के निवास सैक्टर 17 फरीदाबाद में आयोजित भव्य समारोह में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य, हरियाणाा के पूर्व मुख्यमन्त्री व इनलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. ओमप्रकाश चौटाला को ओ३म् का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए व संचालन करते कवि श्री दिनेश रघुवंशी। द्वितीय चित्र में वैद्यराज के तत्वाधान में 1 अक्तूबर 2012 को आयोजित अरोग्य उत्सव दिल्ली हॉट, पीतमपुरा दिल्ली में समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल आर्य को स्मृति चिन्ह प्रदान करते श्री मुकेश खन्ना (शक्तिमान) व कार्यक्रम का संचालन श्री अजय पलहा व देवेन्द्र भगत ने किया।

# प्रो. किरण वालिया का स्वागत व श्री सत्यवीर चौधरी का अभिनन्दन




रविवार 30 सितम्बर 2012, संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार के सचिव प्रो. धर्मेन्द्र शास्त्री के संयोजन में गुरूकुल गौतमनगर दिल्ली में स्वामी प्रणवानन्द जी सरस्वती के सानिध्य में आयोजित समारोह में दिल्ली सरकार की शिक्षा मन्त्री प्रो. किरण वालिया का स्वागत करते डॉ. अनिल आर्य साथ में डॉ. शशि प्रभा कुमार व दिल्ली विश्व विद्यालय के छात्र संघ के नव निर्वाचित प्रधान अरूण हुड्डा। द्वितीय चित्र में गुरूकुल पटेल मार्ग के वार्षिक उत्सव पर श्री सत्यवीर चौधरी का अभिनन्दन करते डॉ. अनिल आर्य, डॉ. वीरपाल विद्यालंकार, श्री ज्ञानेन्द्र सिंह आर्य, श्री बालेश्वर त्यागी (पूर्व मन्त्री, उ.प्र.), श्री प्रवीण आर्य, श्री मुनीन्द्र आर्य, श्री बृजमोहन आर्य, दिनेश कुमार शुक्ल व तेजपाल सिंह, जगदीश चन्द्र शर्मा के पुरूषार्थ से कार्यक्रम सफल हुआ।


# एस्कोर्टस के सी.जी.एम. श्री के.एस. यादव व स्वामी शिवानन्द जी का अभिनन्दन




एस्कोर्टस लि. फरीदाबाद के मुख्य महाप्रबन्धक श्री के.एस. यादव का अभिनन्दन करते डॉ. अनिल आर्य, जितेन्द्र सिंह आर्य व एस.पी. त्यागी। द्वितीय चित्र में 7 अक्टूबर 2012 को आर्य समाज सेवा सदन, बल्लभगगढ़ के वार्षिकोत्सव पर स्वामी शिवानन्द जी को सम्मानित करते श्री राजेन्द्र बीसला (पूर्व विधायक) श्री नन्दलाल कालरा, श्री जितेन्द्र सिंह आर्य।


# आर्य समाज सै. 19 फरीदाबाद का उत्सव व गाजियाबाद कवि नगर में बैठक सम्पन्न





रविवार 14 अक्टूबर 2012 आर्य समाज सै.19, फरीदाबाद के बार्षिकोत्सव पर सम्बोधित करते स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती व मंच पर डॉ. अनिल आर्य, पी.के. मित्तल एडवोकेट, शिव कुमार टुटेजा, आचार्य आर्य नरेश, बलबीर मलिक, महेश गुप्ता व गजराज आर्या। द्वितीय चित्र में आर्य समाज कवि नगर, गाजियाबाद जिला सभा की बैठक में सम्बोधित करते डॉ. अनिल आर्य व साथ में श्री आनन्द प्रकाश आर्य, श्री प्रवीण आर्य, श्री नरेन्द्र आर्य, श्री सत्यवीर चौधरी, श्री कुंवर पाल आर्य, श्रीपाल आर्य एडवोकेट, श्री श्रद्धानन्द शर्मा, राधा रमन आर्य, व बैठक की अध्यक्षता करते श्री माया प्रकाश त्यागी।

# आर्य समाज सै.13 करनाल व आर्य समाज सै.15 सोनीपत का उत्सव सम्पन्न


रविवार 7 अक्टूबर 2012 को आर्य समाज सैक्टर-13 करनाल के वार्षिकोत्सव पर डॉ. अनिल आर्य को सम्मानित करते आर्य केन्द्रीय सभा करनाल के प्रधान श्री सतेन्द्र मोहन कुमार, स्वामी आर्यवेश जी, श्री रोशन आर्य, श्री हरेन्द्र चौधरी, श्री स्वतन्त्र कुकरेजा, श्री ओम प्रकाश सचदेवा आदि। द्वितीय चित्र में आर्य समाज सैक्टर 15 सोनीपत के उत्सव पर सम्बोधित करते डॉ. अनिल आर्य साथ में श्री मनोहर लाल चावला, प्रधान आर्य केन्द्रीय प्रतिनिधि सभा सोनीपत, स्वामी आर्यवेश जी, पं. हरिशंकर अग्निहोत्री व संयोजक श्री हसीजा जी।

# आर्य समाज शक्तिनगर दिल्ली व आर्य समाज सरस्वती विहार दिल्ली का उत्सव सम्पन्न





रविवार 30 सितम्बर 2012 आर्य समाज शक्ति नगर दिल्ली के उत्सव पर डॉ. अनिल आर्य को सम्मानित करते स्वामी आर्यवेश जी, श्री वत्स शास्त्री (मन्त्री), श्रीमती सरोज अग्निहोत्री व आचार्य प्रेमपाल शास्त्री। द्वितीय चित्र में आर्य समाज सरस्वती विहार दिल्ली के उत्सव पर डॉ. अनिल आर्य का स्वागत करते श्रीमती संतोष मनचन्दा, प्रधान ओम प्रकाश मनचन्दा व मन्त्री अरूण आर्य आदि

# आर्य समाज वेद मन्दिर पीतमपुरा व विशाखा एन्कलेव का उत्सव सम्पन्न




रविवार 30 सितम्बर 2012 आर्य समाज वेद मन्दिर पीतमपुरा दिल्ली के उत्सव पर डॉ. अनिल आर्य का स्वागत करते श्री ओम प्रकाश नागिया (संरक्षक) व श्री सोहन लाल आर्य (मन्त्री)। द्वितीय चित्र में आर्य समाज विशाखा एन्कलेव दिल्ली के उत्सव पर श्री दुर्गा प्रसाद कालरा को सम्मानित करते प्रधान श्री सत्यप्रकाश आर्य व डॉ. अनिल आर्य, साथ में मन्त्री श्री धर्मवीर शास्त्री व श्री हरवंश लाल कोहली।

# श्री यशपाल आर्य का अभिनन्दन व स्वामी धर्ममुनि जी ने किया डॉ. अनिल आर्य का अभिनन्दन




दिनांक 2 अक्टूबर 2012 दिल्ली नगर निगम पश्चिमी दिल्ली के अध्यक्ष श्री यशपाल आर्य के जन्मोत्सव पर आर्य समाज विकास पुरी बाहरी रिंग रोड दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित करते डॉ. अनिल आर्य, श्री मायाराम शास्त्री, श्री धर्मपाल आर्य, श्रीमती मोहनी देवी व श्री दिनेश आर्य। द्वितीय चित्र में आत्म शुद्धि आश्रम, बहादुरगढ़ के वार्षिकोत्सव पर डॉ. अनिल आर्य का अभिनन्दन करते श्री कन्हैया लाल आर्य, श्री बतरा, राजवीर आर्य, स्वामी दिव्यानन्द सरस्वती, स्वामी धर्ममुनि जी आदि।

## शोक समाचार: आचार्य विशुद्धानन्द मिश्र का निधन

1. वैदिक विद्वान् आचार्य विशुद्धानन्द मिश्र जी का निधन हो गया।
2. श्री दीपक महाजन (दामाद महाशय धर्मपाल जी एम.डी.एच.) का गत दिनों निधन।
3. श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल (विश्व हिन्दु परिषद्) का गत 5 अक्टूबर 2012 को निधन।

**दिवंगतों की निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि।**

## आर्य समाज नोएडा में उपनयन संस्कार सम्पन्न

दिनांक 25 व 26 अगस्त 2012 को चतुर्तेवेदशतक यज्ञ एवं उपनयन संस्कार डॉ. जयेन्द्र कुमार के ब्रह्मत्व में तथा कै. अशोक गुलाटी के निर्देशन में सौल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य वीरेन्द्र विक्रम, श्री राजीव परम, सुषमा सर्राफ, सुधीर सिंहल, डॉ. डी.के. गर्ग, आर. के तनेजा, विनोद अग्रवाल, गायत्री मीना, विजेन्द्र कठवालिया ने आशीर्वाद दिया।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548504 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9953473456, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970